दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

विवेकानंद स्कूल के बच्चों ने खरसिया थाना का भ्रमण कर जानी पुलिस के कार्य

आत्मानंद स्कूल और भूपदेव स्कूल में रक्षाटीम का जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। बाल दिवस से जिले में चलाये जा रहे बाल सुरक्षा सप्ताह के आज तीसरे दिन विवेकानंद स्कूल खसिया के बच्चे थाना खरसिया का भ्रमण कर पुलिस के कार्यों की जानकारी लिये। भ्रमण में आए स्कूल के बच्चों ने थाना प्रभारी उप निरीक्षक नंद किशोर गौतम से पुलिस के कार्यो के साथ कई रोचक और जनहित से जुड़े प्रश्न बड़ी जिज्ञासा से पूछे जिसके जवाब में थाना प्रभारी द्वारा पुलिस का मुख्य कार्य जनता को सुरक्षा प्रदान करना, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सजा दिलाना और अपराध पर नियंत्रण करना बताये और जनहित से जुड़े सवालों के जवाब देकर उन्हें संतुष्ट किया गया। थाना प्रभारी द्वारा बच्चों को देश का अच्छा नागरिक बनने और छात्र जीवन में सफलता पाने अनुशासन का पालन करने और दूसरों की मदद करने प्रेरित किये। थाना प्रभारी द्वारा उन्हें हेल्पलाइन नंबर डायल 112 तथा थाना प्रभारी खरसिया का नंबर दिया गया हुआ विपरीत परिस्थितियों में पुलिस सहायता के लिए योग करने कहा गया। बच्चों ने थाने के आर्म्स रूम, महिला डेस्क और रिकार्ड रूम घूमकर देखे। वहीं थाना खरसिया की टीम द्वारा मदनपुर स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जहां एएसआई लक्ष्मी राठौर और प्रधान आरक्षक संरोजनी राठौर ने छात्राओं से कहा गया कि कोई भी बुरा व्यवहार करता है तो वे घबराए नहीं, बल्कि अपने माता-पिता या अध्यापक को इसकी जानकारी अवश्य दें ताकि उस व्यक्ति को पोक्सो एक्ट के तहत सजा दी जा सके। महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर द्वारा छात्राओं से अपना मोबाइल नम्बर साझा की और हेल्पलाइन डॉयल 112 से भी पुलिस मदद लेने के संबंध में जानकारी दिया गया। रक्षा टीम प्रभारी सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा द्वारा छात्राओं को फेसबुक, व्हाटसअप के जरिये हो रहे अपराधों की जानकारी देते हुये बचाव के उपाय बताये एवं सावधानी बरतने बताते हुए छात्राओं को गुड टच, बैड टच की जानकारी दिया गया। छात्राओं को हेल्प लाईन नम्बर मोबाइल नम्बर 1098, 1091, 112 एवम 100 के बारे में बताया गया है। कार्यक्रम में पुलिस महिला रक्षा टीम की महिला आरक्षक रोजमेरी, इंदुलता एक्का और स्कूल के बच्चों के साथ शिक्षकगण उपस्थित थीं।

स्कूल व आंगनबाड़ी के बच्चों का शत-प्रतिशत जारी करें जाति प्रमाण पत्र

कलेक्टर ने बैठक लेकर राजस्व विभाग की कामकाज की समीक्षा

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण जैसे राजस्व से जुड़े मामलों में संवेदनशील पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में जो लोग समस्या लेकर आते हैं, दस्तावेज कम होने पर उचित मार्गदर्शन कर उनकी समस्या का समाधान किया जाए। जिससे उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो और उनका समय भी बच सके। बैठक में कलेक्टर साहू ने स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों की जारी जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा की। उन्होंने कहां कि कुछ विकासखंड में प्रगति अच्छी है, जिन स्थानों में प्रगति कम है, वहां एसडीएम संलग्न होकर शत-प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने भू-अर्जन के पश्चात लंबित राशि की समीक्षा की। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, एडीबी, सेतु जैसे विभिन्न विभागों द्वारा लंबित राशि जमा करने के लिए पत्राचार के निर्देश दिए। इसी प्रकार सभी एसडीएम को शेष प्रकरण की व्यक्तिगत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने ई-कोर्ट प्रगति की समीक्षा की। एसडीएम ने बताया कि साइट में बदलाव के कारण अपेक्षाकृत कम प्रगति है, जिसके कारण नामांकन, बटवारा, विवादित, अविवादित नामांतरण जैसे विभिन्न प्रकार के प्रकरण लंबित हो चुके हैं। इस दौरान उन्होंने कमजोर प्रगति वाले तहसीलों की विवादित, अविवादित, खाता-विभाजन, नामांतरण जैसे विभिन्न प्रकरणों पर तहसीलवार जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को समय-सीमा में पेंडिंग प्रकरण को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार डायवर्सन, भू-भाटक वसूली अपेक्षाकृत कम होने पर इसमें प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने शेष लोगों की नामजद लिस्ट बनाने के निर्देश देते हुए बड़े बकायादारों पर फोकस करने करने को कहा।

झारखंड के देवघर जिले से देश के विभिन्न स्थानों में कॉल कर लोगों को ठग रहे थे बदमाश, 4 शातिर ठगों को रायगढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **33 हजार रुपए नकद व 10 मोबाइल जब्त, आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल**
- **रायगढ़ की कोतवाली पुलिस को ऑनलाइन ठगी मामले में मिली बड़ी सफलता**

रायगढ़। झारखंड के देवघर जिले से देश भर में कॉल कर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे #जामताड़ा गैंग से जुड़े तीन शातिर आरोपियों के साथ उनके एक साथी विधि के साथ संघर्ष बालक को एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा देवघर जिले के गिरिडीह और दरबे गांव में दबिश देकर पकड़ा गया है, सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में आरोपियों की घेराबंदी कर दबिश दिया गया। इस दौरान भी आरोपीगण मोबाइल पर लोगों को कॉल कर ठगा जा रहा था, आरोपियों से नगद रकम रु.33,000 एवं 10 विभिन्न कंपनियों के मोबाइल की जब्ती की गई है, विशेष बात यह है कि आरोपियों की शिक्षा मात्र आठवीं तक की है किंतु इन्होंने काफी पढ़े-लिखे लोगों को अपना शिकार बनाया गया है। #कोतवाली पुलिस को अब तक की जांच में आरोपियों द्वारा छत्तीसगढ़, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में कई लोगों से ठगी करना बताया गया है। कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को इंदिरा नगर की महिला से करीब रु.1,00,000 की ठगी मामले में गिरफ्तार किया गया है जिन्हें धोखाधड़ी के अपराध में आज न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 17.08.2022 को इंदिरानगर रायगढ़ की महिला थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था दिनांक 12.08.2022 को इस सबंध में मोबाईल नंबर 768103XXX से किसी ने ब्लू डाट कोरियर सर्विस की ओर से काल कर कोरियर का चार्ज करने के लिये मोबाईल नंबर पर एक लिंक भेजा गया जिसको आपरेट करने पर बैंक आफ बडौदा के खाता से 99,998/ रूपये कट गया। थाना कोतवाली में पीड़िता के आवेदन पर अज्ञात आरोपी पर धोखाधड़ी का अपराध (धारा 420 आईपीसी) दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

मामले में एसपी अभिषेक मीणा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक को ऐसे ऑनलाइन ठगी के मामले का अपने सुपरविजन में जांच के निर्देश दिये गये जिस पर साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल व साइबर टीम के साथ ऐसे मामलों में प्रयुक्त मोबाइल नंबर को सर्विलांस में रखकर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी किया जा रहा था जिस पर थाना कोतवाली इंदिरानगर की महिला से ऑनलाइन ठगी में प्रयुक्त मोबाइल नम्बर के जिला देवघर (झारखंड) के गिरिडीह क्षेत्र में संचालित होने की जानकारी मिली। पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा तत्काल सीएसपी रायगढ़ के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर झारखंड रवाना किया गया। पुलिस टीम के ग्राम गिरीडीह पहुंचने पर उक्त नंबर बंद हो जाने पर टीम को लीड कर रहे हैं सीएसपी अभिनव उपाध्याय उपाध्याय द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर अपने व्यवसाई क्षमता का बेहतर परिचय देते हुये आरोपियों के ठिकाने ग्राम दरबे क्षेत्र से कार्य करने की जानकारी मिली और पुलिस टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से इलाके की घेराबंदी कर रेड किया गया। जहां कई लड़के मोबाइल लिए लगातार एक के बाद एक नम्बर पर कॉल कर रहे थे तभी संदिग्ध मोबाइल नंबर चालू होने पर सर्विलांस की मदद से आरोपी सफाउल अंसारी और उसके भाई रजाउल अंसारी को हिरासत में लिया गया जिसके निशानदेही पर आरोपी महेंदर मंडल और एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया जिनसे कड़ी पूछताछ करने पर रायगढ़ जिले की महिला को अगस्त माह में ठगी कर 99,998/ रूपये प्राप्त करना कबूल किए। आरोपी रजाउल अंसारी के पास से नगद रु.20,000 तथा सफाउल अंसारी से रु.8,000 महेंद्र से रु.3,000 एवं अपचारी बालक से रु.2000 कुल रु.33000 व उनके द्वारा ठगी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों के 10 नग मोबाइल की जब्ती की गई है। आरोपियों के बैंक खातों को होल्ड कराने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। आरोपियों को थाना कोतवाली के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। एसपी अभिषेक मीणा, एडिशनल एसपी संजय महादेवा के दिशा-निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शनिप रात्रे, उपनिरीक्षक आर.एस. तिवारी एएसआई इंगेश्वर यादव, एएसआई कमल राजपूत, एएसआई रमेश शर्मा, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, हेमप्रकाश सोन, आरक्षक प्रशांत पंडा, महेश पंडा, ओश्निक विश्वाल, डेहरु उरांव, प्रताप बेहरा तथा साइबर सेल/चौकी प्रभारी जूटमिल उपनिरीक्षक कमल किशोर पटेल, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, दुर्गेश सिंह की अहम भूमिका रही है।

ब्लाक स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

रायगढ़। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के प्रत्येक जिले से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडऩे एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से वृहद स्तर पर छत्तीसगढ़ युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का समापन बोईरदादर स्टेडियम, रायगढ़ में हुआ। इस दौरान एडिशनल सीईओ जनपद पंचायत सनत कुमार नायक मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एबीईओ अनिल साहू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव में कबड्डी, खोखो, फुगड़ी, गेड़ी आदि खेलों के साथ कला एवं संगीत का आयोजन किया गया। जिसमें 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस दौरान विजयी प्रतिभागियों को जिला स्तर प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बताया गया। इस मौके पर संगीत एवं कला के निर्णायक में देवलाल देवांगन, उग्रसेन पटेल एवं बिंझवार रहे। खेल विभाग के सहायक संचालक मरकाम भी उपस्थित थे। खेल गतिविधियों का संचालन व्यायाम शिक्षकों द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के परिणाम- विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव के शास्त्रीय गायन में आसरा चौहान-प्रथम रही। इसी तरह शास्त्रीय वाद्य वादन में कृष्णकांत साहू (बांसुरी)में प्रथम, शास्त्रीय नृत्य कथक में विभूति शर्मा-प्रथम, स्नेहा परमिता स्वाई-द्वितीय एवं शताक्षी सोनी-तृतीय स्थान पर रही। लोकगीत सामूहिक में शौर्य एवं साथी-प्रथम, तबला वादन में हर्षराज सिंह-प्रथम, खोखो बालक एवं बालिका वर्ग 15 से 40 वर्ष में ग्राम पतरापाली-प्रथम, कबड्डी बालक वर्ग 15 से 40 वर्ष में पतरापाली-प्रथम एवं द्वितीय-चक्रधरनगर, बालिका में प्रथम-चक्रधरनगर एवं द्वितीय-संबलपुरी, गेड़ी दौड़ बालक वर्ग 15 से 40 वर्ष में प्रथम-कृष उरांव एवं बालिका-प्रथम वर्ग में उष्मा पटेल, फुगड़ी दौड़ में 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग में करिश्मा राठिया-प्रथम एवं काजल यादव-द्वितीय रही।

सड़क निर्माण में लापरवाही पर एसडीओ पीडब्ल्यूडी धरमजयगढ़ और ठेकेदार को कलेक्टर रानू साहू ने जारी किया नोटिस

- **कलेक्टर साहू ने कहा सड़क निर्माण कार्य में लाए तेजी**

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू ने सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चल रहे है विभिन्न सड़कों के निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली एवं काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर साहू ने घरघोड़ा-लैलूंगा मार्ग के निर्माण एवं मरम्मत कार्य में लापरवाही बरतने के कारण अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग धरमजयगढ़ एस.बरवा एवं संबंधित ठेकेदार मेसर्स मनोज कुमार केडिया सारंगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी, एडीबी एवं सड़क निर्माण में संलग्न विभागीय आधिकारी तथा ठेकेदार उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर रानू साहू ने समीक्षा के दौरान पालीघाट से तमनार में निर्माणाधीन सड़क की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। ठेकेदार द्वारा बताया गया कि प्राथमिक कार्य पूर्ण हो चुके है जल्द ही आगे का काम प्रारंभ कर दिए जायेगा। इसी प्रकार छाल से घरघोड़ा मार्ग निर्माण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कार्य प्रगति पर है। कलेक्टर साहू ने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं काम में संलग्न टीम की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार घरघोड़ा से धरमजयगढ़, धरमजयगढ़ से हाटी, छाल से घरघोड़ा, रायगढ़ से पूंजीपथरा जैसे जिले के विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने लोगों की आवाजाही में हो रही दिक्कतों को देखते हुए सड़क निर्माण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान ठेकेदारों ने ट्रैफिक व आवाजाही के कारण कार्य प्रभावित होने की समस्या से अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर साहू ने ईई पीडब्ल्यूडी को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे स्थानों में जाकर निरीक्षण करें एवं आवागमन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करवायें। इसी प्रकार जिन स्थानों में ट्रैफिक के कारण सड़क निर्माण प्रभावित हो रहा है वहां पुलिस से समन्वय से पर्याप्त व्यवस्था करवाने की बात कही, ताकि सड़क निर्माण कार्य बिना रूकावट किया जा सके।

हीमोग्लोबिन स्तर मिला था बेहद कम, तत्काल किया गया अस्पताल में एडमिट, अब स्थिति बेहतर : कलेक्टर रानू साहू के मार्गदर्शन में लगाए जा रहे कैंप

- **हेल्थ कैंप में स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स कर रहे गंभीर मरीजों की स्क्रीनिंग**
- **अगला शिविर 19 नवंबर को लैलूंगा के बसंतपुर गांव में**

रायगढ़। रायगढ़ जिले में 'सरकार तुंहर द्वार' के तहत लगाए जा रहे मेगा हेल्थ कैंप लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने में कारगर साबित हो रहा है। शिविर में संबंधित गांव के साथ-साथ आसपास के लोग अपनी छोटी-मोटी बीमारियों का फौरी इलाज करवा पा रहे हैं वहीं गंभीर रूप से पीडित मरीजों की पहचान भी हो रही है। जिससे उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था की जा सके।

9 नवंबर को पुसौर विकासखंड के सूपा में आयोजित कैंप इलाज के लिए कठाली गांव की निर्मला बरेठ पहुंची हुई थी। खून की जांच में उनका हीमोग्लोबिन मात्र 4 ग्राम मिला। महिलाओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा सामान्य रूप से 11.6 से 15 ग्राम प्रति डेसिलिटर होना चाहिए। 5 ग्राम से कम मात्रा खतरनाक मानी जाती है, जिसमें तुरंत मेडिकल हेल्प की जरूरत होती है। निर्मला की स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने तत्काल उन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल में एडमिट करने के लिए रेफर किया। निर्मला को अस्पताल में भर्ती कर उसी दिन एक यूनिट ब्लड चढ़ाया गया। 10 नवम्बर को जांच करने पर हीमोग्लोबिन 6.9 था, उन्हे 11 नवम्बर को पुन: एक यूनिट ब्लड चढ़ाया गया, जिसके बाद जांच करने पर हीमोग्लोबिन 7.6 ग्राम तक बढ़ चुका था। जांच में पता चला कि उनका पीलिया भी बढ़ा हुआ था। उसका भी उसका उपचार शुरू किया गया। 5 दिन में अस्पताल में इलाज के बाद उनकी स्थिति बेहतर हुई तो 14 नवम्बर को उन्हें जिला अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में नियमित जांच की समझाइश दी गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके स्वास्थ्य की रेगुलर फॉलोअप और मॉनिटरिंग कर रही है।

'सरकार तुंहर द्वार' से लोगों तक पहुंचती स्वास्थ्य सुविधाएं, 6 हजार से अधिक का हुआ इलाज- कलेक्टर रानू साहू की पहल से जिले में सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें वृहत समाधान शिविर के साथ ही मेगा हेल्थ कैंप लगाए जा रहे हैं। अब तक ऐसे दो कैंप लगाए जा चुके है। खरसिया विकासखंड के बर्रा और पुसौर विकासखंड के सूपा में ये कैंप लगाए गए। जिसमें 6 हजार से अधिक मरीजों की जांच की गई। शिविर के आयोजन से पहले विभागों को डोर टू डोर सर्वे करने के निर्देश हैं। जिससे यदि कोई गंभीर समस्या है तो शिविर के दिन उनकी जांच हो सके। अगला शिविर 19 नवंबर को लैलूंगा विकासखंड के बसंतपुर में आयोजित किया जाएगा।

स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स का पैनल रहता है मौजूद- मेगा स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मौजूद रहती है। जिनमें हृदयरोग, शिशुरोग, अस्थिरोग, चर्मरोग, न्यूरोलॉजिस्ट, नेत्ररोग, मूत्ररोग, नाक-कान-गला रोग, ऑडियोलॉजिस्ट, मानसिक स्वास्थ्य जैसे विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा नि:शुल्क जांच की जाती है। इसके साथ जीवनशैली से जुड़ी बीपी, शूगर तथा अन्य बीमारियों की जांच भी यहां की जाती है। मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से विभिन्न प्रकार की लैब जांच की सुविधा भी शिविर में होती है। उन्हें दवाइयां भी वितरित की जाती हैं।

सीमावर्ती, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में धान खरीदी के दौरान रखें विशेष निगरानी -कलेक्टर

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम ने आज जिले के सभाकक्ष में खाद्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने ओड़िशा राज्य के बरगढ़ जिले से सीमा में आने वाले धान खरीदी मंडियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीमावर्ती, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील चेकपोस्ट जिनमें सांकरा, लुकापारा, कंचनपुर स, अमलीपाली, बड़े नवापारा, केनाभांठा, रिसोरा, घोघरा, डूमरपाली, बिरनीपाली (बरमकेला-सोहेला मार्ग), जीरापाली एवं झाल (लोहराचट्टी मार्ग) आते हैं, इन जगहों पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.आलम ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी कार्य में किसी भी तरह लापरवाही न बरतें एवं जीरो रकबा वाले खातों पर कोई एंट्री होती है और उनका धान बिकता है तो संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने रकबा वेरिफिकेशन और रकबा समर्पण के मामलों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए सभी खाद्य अधिकारियों को मंडियों का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। कलेक्टर डॉ.आलम ने धान खरीदी केन्द्रों में बारदाना की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली, इसके साथ ही उन्होंने पैरादान के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने का सुझाव देकर गौठान प्रबंधन समितियों को पैरादान का उठाव करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, सारंगढ़ एसडीएम मोनिका वर्मा एवं खाद्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

लैलूंगा पुलिस ने की अंधेकत्ल का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार : ग्राम राजपुर आम बगीचा में मिला था युवक का शव

- **हत्या का अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपियों तक पहुंची लैलूंगा पुलिस**

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा- निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लैलूंगा पुलिस द्वारा ग्राम राजपुर के बथानपारा आम बगीचा में मिले युवक के शव मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर मामले का पटाक्षेप करते हुए मृतक के परिचित आरोपी रमेश राठिया को हत्या एवं आरोपी रामविलास मांझी को जघन्य अपराध की जानकारी होते हुए अपराध को छिपाने में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक दिनांक 12.11.2022 के सुबह थाना प्रभारी लैलूंगा को ग्राम राजपुर के बथानपारा आम बगीचा में एक युवक उम्र करीब 20-25 साल का पड़ा होने की सूचना मिला। तत्काल लैलूंगा पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर मर्ग पंचनामा कार्रवाई कर जांच में लिया गया। शव की शिनाख्त फकीर राठिया पिता सव्. चतुरराम राठिया उम्र 23 साल साकिन सुपकोना चौकी रैरूमा हाल आमापाली थाना लैलूंगा के रूप में हुआ। मर्ग जांच पंचनामा कार्यवाही गवाहों के कथन, शव निरीक्षण पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फकीर राठिया (मृतक) के सिर, चेहरा, बायें कनपट्टी, नाक में किसी ठोस वस्तु से चोंट पहुंचाकर एवं गला को किसी ठोस वस्तु से दबाकर हत्या करना पाये जाने से थाना लैलूंगा में अज्ञात आरोपी पर हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में मृतक के वारिशान एवं जान परिचित दोस्तों से सिलसिलेवार पूछताछ किया गया, संदिग्ध नम्बरों का सीडीआर निकाल कर जांच किया गया, जांच में मृतक फकीर राठिया तथा ग्राम गहनाझर बरखोरियापारा के रमेश राठिया के साथ पूर्व में अनबन होने की जानकारी मिली, इस छोटे से क्लू को महत्वपूर्ण मानकर पुलिस अपनी जांच की दिश इस ओर बढ़ाया गया , तब कई सुराग संदेही रमेश राठिया के अपराध में शामिल होने की ओर इशारा किये जिसे हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ किया गया जो मृतक की पत्नी के साथ नजदीकियों को लेकर फकीर राठिया (मृतक) शंका करने से फकीर राठिया की हत्या की योजना बनाकर हत्या करना स्वीकार किया और आरोपी रामविलास मांझी के भूमिका बताया।

आरोपी रमेश राठिया पुलिस को दिए अपने मेमोरेंडम बयान में बताया कि मृतक फकीर राठिया इसकी भाभी का भाई है। करीब एक वर्ष पूर्व से फकीर राठिया ग्राम आमापाली घर जमाई बनकर रह रहा था, इसका आमापाली में फकीर राठिया के घर आना जाना था। इस दौरान उसके पत्नी से अच्छी घनिष्ठता हो गई जिसे लेकर फकीर राठिया दोनों के बीच अनैतिक संबंध की शंका करता था और एक दिन इसके सामने ही उसकी पत्नी को फकीर गाली गलौच कर मारपीट किया। तब फकीर राठिया की हत्या की योजना बनाया और 10 नवंबर को पहाड़ लुड़ेग मेला देखने जाने अपनी TVS सोल्ड मोटरसाइकिल से अमापाली गया। तब फकीर अपने खेत में काम कर रहा था जहां उसे साथ मेला देखने चलने कहकर उसकी पत्नी को बोले की खाना बना कर रखना देर रात तक आएंगे और दोनों पहाड़ लुड़ेग जाने के लिए निकल गए। रास्ते में राजपुर के पास रात्रि करीब 8:00 बजे दोनों शराब पिए, फकीर और भी नशे की गोली खाया जिससे उसे काफी नशा हो गया। तब मौका देखकर फकीर राठिया को मारपीट कर गमछा को रस्सी बनाकर उसके गले में फंसा कर गला घोंट कर उसकी हत्या कर दिया और शव को वहीं फेंककर अपनी मोटरसाइकिल को खेत में खड़ी कर वापस मेला गया। जहां उसे उसका परिचित रामविलास मांझी को पूरी घटना का वृतांत बताया फिर दोनों मिलकर अपराध को छिपाने की योजना बनाएं और रामविलास हत्या की पूरी जानकारी जानते हुए घटना को छिपाने के लिए वापस अमापाली फकीर राठिया के घर जाकर घरवालों को बताएं कि फकीर मेला से मोटरसाइकिल को लेकर भाग गया है। वे दोनों स्वयं उसकी खोजबीन करते हुए आये हैं और फिर वहां से वापस अपने घर चले गए। पुलिस आरोपी के मेमोरेंडम पर घटनास्थल के पास से नशे में प्रयुक्त पाउच का खाली पाउच, रैपर, गमछा तथा घटना में प्रयुक्त सोल्ड मोटर सायकल जप्त कर दोनों आरोपियों को धारा 302, 201, 34 IPC में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्ष चंदन नेताम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, आरक्षक जॉन टोप्पो, पुष्पेन्द्र मराठा की सराहनीय भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480